तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026


छग की लोक परंपरा का महापर्व छेरछेरा किलेपार में उत्साह से मनाया 11


पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन 12



Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### 21 महिलाओं को गैस सिलेंडर व चूल्हा वितरित

**बालोद/कलंगपुर।** शासन की उज्जवला योजना के तहत गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत भटगांव में लगभग 21 पात्र महिला हितग्राहियों को गैस सिलेंडर व चुल्हा वितरण किया गया। इस दौरान महिला हितग्राहियों ने निःशुल्क गैस सिलेंडर व चुल्हा पाकर खुशी जाहिर करते हुए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच भारती साहू, सचिव भूपेश साहू, उपसरपंच ताराचंद चतुर्वेदी सहित पंचगण उपस्थित थे।

### पटेल समाज भवन का लोकार्पण 5 जनवरी को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पंचायत सिकोसा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन 5 जनवरी को हो रहा है, इसमें पटेल समाज के भवन के लोकार्पण के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपने शासनकाल में समाज की मांग पर स्वीकृत किया गया था तथा सिकोसा में बहुसांकिक समाज के रूप में और क्षेत्र में पटेल समाज के विकास के लिए भवन की राशि स्वीकृत की गई थी जो बनकर तैयार है। जिसके लिए पटेल समाज पूर्व मुख्यमंत्री का आभार और लोकार्पण के लिए आमंत्रण किए हैं। साथ ही क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता में खुशी की लहर है।

### गुटखा खाने निकले युवक पर प्राणघातक हमला

**भिलाई।** नए साल की रात प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि बालाजी नगर, खुर्सीपार निवासी सुधीर कोसले घर से गुटखा लेने के लिए निकला था। सिंह आटा चक्की के पास पहुंचते ही आयुष, जीत नामक दो युवक बाइक से उसके पास आए। आरोपियों ने सुधीर से गोल्डी नामक युवक के बारे में पूछा। जब सुधीर ने उसे पहचानने से मना किया। कुछ ही देर में रोहण, सागर भी मौके पर पहुंच गए। चारों ने मिलकर सुधीर पर हमला कर दिया। जीत ने डंडे से वार किया।

**समस्या :** 9 माह से फंड जारी नहीं, पुराने अधूरे कार्य भी अटके, बढ़ी मुश्किलें

# 15वें वित्त आयोग के फंड के टोटा से पंचायतों में विकास कार्य ठप, सरपंचों में भारी आक्रोश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/डौंडीलोहारा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को करीब 9 माह बीत चुके हैं। चुनाव के बाद सभी ग्राम पंचायतों में नए सरपंच चुने गए, जिन्होंने गांवों में विकास की रफ्तार तेज करने और वर्षों से लंबित अधूरे कार्यों को पूरा कराने का भरोसा ग्रामीणों को दिया था। लेकिन चुनाव के इतने लंबे समय बाद भी ग्राम पंचायतों को न तो 15वें वित्त आयोग की राशि मिली है और न ही अन्य किसी मद से फंड जारी किया गया है। फंड के अभाव में ग्राम पंचायतों में न केवल नए विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं, बल्कि पूर्व से ▶▶|शेष पेज 11 पर

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

15वें वित्त आयोग की राशि जारी कराने की मांग को लेकर सरपंचों ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि जब तक पंचायतों को फंड जारी नहीं किया जाता, तब तक सामान्य सभा की बैठकों का बहिष्कार जारी रहेगा। सरपंचों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र फंड जारी कर ग्राम पंचायतों में रुके विकास कार्यों को गति देने की मांग की है।



### अधूरे निर्माण से दुर्घटना का खतरा

निर्माण कार्य अधूरे भी पड़े हैं, कई स्थानों पर निर्माण सामग्री खुले में पड़ी हुई है, जिससे उसके खराब होने की आशंका बनी हुई है। वहीं अधूरे निर्माण के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। इस विषय में ग्राम पंचायत कापसी के सरपंच कोशलैश देवांगन एवं ग्राम पंचायत अंडी के सरपंच संतोष कुमार जैन ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायत प्रतिनिधि लगातार उच्च अधिकारियों एवं जनपद कार्यालय को स्थिति से अवगत करा रहे हैं, लेकिन अब तक पंचायतों के खातों में कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है।

# नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छेरछेरा पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ की दान संस्कृति से ओत प्रोत छेरछेरा का पावन पर्व गांव गांव में शनिवार को छेरिक छेरा छेर बरतनीन छेर छेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा की सुमधुर सामूहिक आवाज स्कूली बच्चों की गूंजने लगी, ग्रामीण बिस्कुट, चाकलेट, सिक्का, धान, अनाज दान स्वरूप देने के लिए तैयार रहे।

बच्चो की टोली घर, दुकान के सामने पहुंचते ही दान लेकर अगले घरों की ओर बढ़ते हुए गांव के प्रत्येक घर में दस्तक दिए। विदित हो कि इस पर्व दिवस पर किसी भी घर से कोई खाली हाथ नहीं लौटाया जाता। यथायोग्य दान दिया ही जाता है। इस पर्व में खुशी खुशी दान दिया और लिया जाता है। दान देने वाले अपने घरों में इंतजार करते रहते है।

**स्कूली बच्चों ने संभाली कमान-** शिक्षाविद छन्नूलाल साहू ने बताया कि हमारे पूर्वज किसान धान फसल मिंजाई करके घरों में निर्मित कोठी में भर लिया करते थे। इसके बाद अपनी मेहनत की कमाई में से दान प्रवृति को विकसित करने के लिए छेरछेरा पर्व की स्थापना कर लोगों में दान धर्म का संचार किए। पहले गांव के बच्चे बुजुर्ग बेझिझक घर घर छेर छेराने जाते थे अब जमाने की बदलती तासीर के अनुसार स्कूली बच्चों ने इस पर्व पर घर घर जाने का कमान संभाल रखी है, बुजुर्गों की संख्या घटते जा रही है। शनिवार स्कूलों में अवकाश के होने कारण गांवों में बड़े सबेरे से ही बच्चे झोला थैला पकड़कर निकल पड़े थे।

**दान में मिला पैसा से बच्चे मंडाई में झूला झूलेंगे-** छेर छेरा दान में बिस्कुट, चाकलेट मिलते ही चलते चलते खाने का अद्भुत आनंद बच्चो ने लिया और ▶▶|शेष पेज 11 पर

# क्रिकेट स्पर्धा में कसही बनी चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

दरबार मोखली में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बीस टीमों ने भाग लिए, प्रतियोगिता का सभी मैच काफी टक्कर और चुनौतीपूर्ण रही। सेमीफाइनल झीट और भरर एवं दूसरा सेमीफाइनल कसही और देवादा के खेली गई। फाइनल में भरर और कसही की टीम पहुंची जो बेहद रोमांचक रहा। मैच में कसही ने भरर को पराजित करके चौम्पियन बना। लायंस क्रिकेट क्लब कसही के कप्तान सुनील नायक, उपकप्तान केवल साहू एवं आकाश वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में कार्यक्रम सफल रहा। कप्तान सुनील नायक ने बताया कि फाइनल में ग्राम भरर को छह रन से हराकर कसही ने प्रथम स्थान प्राप्त कर, चौम्पियनशिप ट्रॉफी एवं 15000 रुपए पुरस्कार सम्मान प्राप्त करने में कामयाब रहे। फाइनल विजेता टीम में उपकप्तान केवल साहू, प्रकाश वर्मा, बेस्ट कीपर, केंवल यादव बेस्ट बालर, जय प्रकाश, आकाश वर्मा, मिहिर वर्मा, धनीराम यादव, सुजल धुरंधर एवं जीतू यादव का योगदान सराहनीय रहा। ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ।

सामुदायिक भवन निर्माण की मांग, अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

# नगर में सोनकर व मरार पटेल समाज ने श्रद्धा के साथ मनाई मां शाकंभरी जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर के सोनकर समाज व मरार पटेल समाज द्वारा शनिवार को मां शाकंभरी जयंती मनाई गई। इस धार्मिक उत्सव में समाज के लोगों ने माता शाकंभरी की विशेष पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक कुंवर सिंह निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, सभापति गुलशन साहू, अश्वनी कटहरे, कोमल सोनकर, विजय सोनकर सहित सामाजिक लोग शामिल हुए।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा मां शाकंभरी का प्राकट्य ही लोक कल्याण के लिए हुआ था। उन्होंने भीषण अकाल के समय अन्न और साग–भाजी देकर संसार की रक्षा की थी। आज वही गौरवशाली जिम्मेदारी हमारा किसान समाज निभा रहा है। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि सोनकर समाज व मरार समाज मिट्टी से सोना उपजाकर पूरे जग का पेट भरता है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने समाज में आपसी एकता और प्रेम बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर पटेल समाज के पदाधिकारियों द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष को एक मांग पत्र सौंपा जिसमें समाज के लिए एक सामुदायिक हॉल निर्माण हेतु राशि की स्वीकृति कि मांग की। जिस पर अध्यक्ष प्रमोद जैन ने समाज की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही इसे पूरा करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद लोकेश्वरी यादव, पार्षद संतोष नेताम, सियाराम सोनकर, पूर्व पार्षद शंकर यादव, केशव साहू, सेवक पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, सोनकर व मरार पटेल समाज के पदाधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में सामाजिक महिलाएं उपस्थित थी।

SPARSH MULTISPECIALITY HOSPITAL
एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NABH PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE CERTIFIED
24x7 EMERGENCY SERVICES

निशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर
दिनांकः 05 जनवरी 2026, सोमवार | समयः सुबह 11 बजे से 3 बजे तक

शिविर में उपलब्ध सुविधाएं
- विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
- मुफ्त फाइब्रोस्कैन (लिवर की कठोरता) जांच
- लिवर से संबंधित समस्याओं पर महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव


डॉ. अभिजीत जैन
MBBS, MS
MCh
(Surgical Gastroenterology)

कौन शामिल हो सकते हैं?
- फैटी लिवर की समस्या है
- शराब का सेवन करने वाले लोग
- हेपेटाइटिस की हिस्ट्री वाले लोग
- लिवर की किसी भी बीमारी का पारिवारिक इतिहास
- जिन्हें भी लिवर में वसा (फैट) की मात्रा की जांच करवानी हो

निशुल्क थायरॉयड जांच शिविर
दिनांकः 01 से 31 जनवरी 2026, सोमवार से शनिवार
समयः 03 बजे से 05 बजे तक

शिविर में उपलब्ध सुविधाएं
- विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
- निशुल्क थायरॉइड जांच
- थायरॉइड से संबंधित समस्याओं पर महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव

मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट

डॉ. रजत देब
MBSS, MD (Medicine)
DM (Endocrinology)

कौन शामिल हो सकते हैं?
- बच्चे एवं समस्त आयु वर्ग के लोग
- थकान, वजन बढ़ना या घटना की समस्या हो
- घबराहट, दिल की तेज धड़कन
- बाल झड़ना, त्वचा का रूखापन
- बच्चों में बढ़त/ग्रोथ का रूकना
- महिलाओं में मासिक धर्म व गर्भधारण की समस्या

पंजीयन के लिए संपर्क करें
0788-4052040 | 77730 10941
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
CALL FOR EMERGENCY
62691 62691
Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप

### कार की ठोकर से वृद्ध की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी एम. मुन्नु स्वामी 25 दिसंबर की सुबह अपनी लूना सीजी 07 एच 9865 से घासीदास सोसायटी से घर लौट रहे थे। इस दौरान एकता चौक की ओर से आ रही कार सीजी 07 सी जेड 3797 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए एम मुन्नु को जोरदार टक्कर मार दी।घटना में वे गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें बीएसपी अस्पताल सेक्टर-9 में उपचार के लिए भेजा गया। जहां उपचार के पांच दिनों बाद 30 दिसंबर को की मौत हो गई।

### राज मिस्त्री के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर बाहर गए परिवार के यहां चोरी हो गया। मकान से सोना चांदी के जेवरात भी गायब मिला। बाहर से घर लौटने पर देखान सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस से किया। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि ग्राम झींट निवासी कृष्ण कुमार साहू राज मिस्त्री का काम करता है। परिवार के लोग अपने -अपने काम से बाहर गए हुए थे। इस दौरामन मकान में ताला जड़ा गया था। अज्ञात ने ताला तोड़कर मकान से सोना चांदी के जेवरात कुल 59 हजार का सामान पार कर दिया। आसपास के लगे सीसी कैमरों को भी पुलिस खंगाल रही है।

### जेएलएन हॉस्पिटल में हुआ प्रशिक्षण शिविर

**भिलाई।** बीएसपी के सेक्टर नौ जेएलएनएच अस्पताल के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा चेन ऑफ सर्वाइवल को सुदृढ़ करने की दिशा में ओपीडी परिसर में मासिक सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण सत्र में ओपीडी में उपस्थित रोगियों और परिजनों को आकस्मिक हृदयाघात की स्थिति में तत्काल जीवनरक्षक सहायता प्रदान करने जानकारी दी। इस दौरान एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की टीम ने बताया कि हृदय गति रुकने के बाद के प्रारंभिक कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

# युवक अनियंत्रित होकर ट्रक से गिरा, पहिए में फंसकर घसीटते गया, मौके पर ही मौत, पुलिस ने घंटों समेटा शव के टुकड़ों को

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना धमधा थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। धमधा पुलिस ने बताया कि वार्ड 5 गणेश नगर जामुल निवासी पुनित राम साहू 24 वर्ष ट्रक में बैठकर जा रहा था। ट्रक में सवार होकर पुनित किसी काम से धमधा आया हुआ था। जहां पर उनके ही दोस्त ट्रक चालक ट्रक लेकर सिरनाभाठा धमधा के चावल गोदाम पहुंचा हुआ था। पुनित को अपने साथ में लेकर गया और ट्रक लोड होने के बाद पुनित राहु ट्रक में बैठकर कोड़िया चावल गोदाम जा रहा था। तभी अचानक खिड़की से चलते ट्रक से नीचे पुनीत गिर गया। इसके कारण ट्रक के पीछे पहिए में फंस कर कुछ दूर तक घसीटते हुए चला गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुनित के भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके पिता की भी तबीयत खराब रहती है। मौत की खबर सुनकर पुनीत के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। धमधा थाना प्रभारी युवराज साहु ने बताया कि शव को को पीएम के लिए भेजा गया है। सूचना परिजनों को दे दी गई है। युवक का शव बुरी तरह छत-विक्षित पड़ा था। फिलहाल ट्रक चालक को को पुलिस ने पकड़ लिया है।

## धमधा थाना क्षेत्र की घटना, खिड़की से झांकते समय गिरा था नीचे



### पुलिस जवान सड़क पर शव के टुकड़े उठाते रहे

हादसे की जानकारी लगने पर धमधा पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और मृतक पुनीत राम का शव क्षतविक्षत हालत में सड़क में गिरा पड़ा था। जवान पॉलीथिन में मांस के टुकड़े को उठाते रहे। इसे इकट्ठा कर पीएम के लिए मरच्यूरी भेजा गया। सड़क हादसे के बाद शव के मांस का टुकड़े पड़ा मिला। इसे लोग देख परेशान होते रहे। जिस तरह का सड़क हादसा हुआ है धमधा क्षेत्र में इतना खतरनाक तरीके से पहली बार होना बताया गया है।

## स्कीम का नया नियम वापस नहीं ले रहा बीएसपी, सांसद व विधायक से उम्मीद


# रिटेंशन का बढ़ा टेंशन, बुढ़ापे में कहां जाएं चौदह सौ सेवानिवृत बीएसपी कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप में रिटेंशन को लेकर लेकर रहवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारियों और अधिकारियों का टेंशन बढ़ता जा रहा है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशन स्कीम के नए नियम से सैकड़ों रिटेंशनधारियों के सड़क पर आने की नौबत आ गई है। अब ईक्यू 3,4 और 5 ग्रेड एक्जीक्यूटिव आवासों में रह रहे रिटेंशधारियों को भी हटाने का फरमान जारी कर दिया गया है। इससे उनमें असंतोष है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों और अधिकारियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रिटेंशन स्कीम शुरु की गई थी। इसके तहत जरुरतमंद कर्मियों से एकमुश्त दस लाख रुपए जमा करवाकर उन्हें टाउनशिप में किराए पर आवास आवास आवंटित किए गए। लेकिन पिछले माह बीएसपी द्वारा कुछ रिटेंशधारियों के आवासीय किराया राशि लंबित होने के चलते स्कीम के नए नियम के तहत तीन गुना से अधिक रिटेंशन रेंट बढ़ाकर स्कीम को ही खत्म किया जा रहा है। इस कारण चौदह सौ रिटेंशन आवासधारियों के सामने तंगहाली और बुढ़ापे में आवास को लेकर विकट समस्या आ गई है। रिटेंशधारियों का कहना है कि बीएसपी को खड़ा करने में जीवनभर पसीना बहाया है अब रिटाटर होने के बाद इस ढलती उम्र में 12 हजार 13 हजार रुपए कैसे और कहां से भुगतान कर पाएंगे। रिटेंशन के इस नए नियम को लेकर रिटेंशनधारियों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। यूनियनों द्वारा किसी भी स्थिति में मकान खाली नहीं करने की प्रबंधन को चेतावनी दी है और रिटेंशधारी सिर्फ बिजली बिल और पानी ही जमा कर रहे हैं मकान किराया की जमा नहीं कर रहे हैं।

## बड़े आवासधारियों को भी हटाने का फरमान



### एक्जीक्यूटिव रिटेंशनधारियों को भी हटाने का फरमान

एक ओर रिटेंशधारियों में असंतोष बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर बीएसपी द्वारा रिटेंशनधारियों पर किराया और आवास खाली कराने को लेकर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। चौदह सौ रिटेंशधारियों के नए नियम को वापस लेने को वापस लेना मुश्किल बताया जा रहा है। वहीं अब रिटेंशनधारी अधिकारियों के ईक्यू 3, इक्टू 4 और ईक्टू -5 के आवासधारियों को भी हटाने का फरमान दे दिया है। इससे इन रिटेंशनधारियों में आक्रोश है। यूनियनों के मुताबिक हर माह करीबन सौ कार्मिक रिटायर हो रहे हैं जिनमें कर्मियों के साथ अधिकारी भी हैं। इस माह 16 अधिकारी रिटायर हुए हैं। जनवरी में 22 अधिकारी रिटाय होगे। इनमे कई के सामने आवास की समस्या है। अनेक रिटेंशन पर आवास लेने की तैयारी कर रहे थे, जो अब भारी परेशानी में पड़ जाएंगे। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि रिटेंशन स्कीम बीएसपी के लिए फायदेमंद है। क्योंकि किराए के रुप में आय के साथ मकानों का नियमित मेंटेनेंस भी हो रहा है । इनमें अवैध कब्जे की भी चिंता से प्रबंधन मुक्त है। फिर रिटेंशन के नए नियम को वापस लेने में क्या परेशानी है।

### विधायक देवेंद्र ने किया था आंदोलन

गौरतलब हो कि बीएसपी के निजीकरण और रिटेंशन के नए नियम को वापस लेने सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पिछले हफ्ते आमरण अनशन किया था। इस आंदोलन को सभी यूनियनों, लीज संघर्ष समिति व कई संगठनों सहित रिटायर कर्मियों आदि का व्यापक समर्थन मिला था। इसे देखते हुए ए प्रशासन की मध्यस्थता में बीएसपी प्रबंधन की विधायक के साथ हुई समझौता वार्ता में मैत्रीबाग, सेक्टर नौ अस्पताल व बीएसपी स्कूलों का निजीकरण नहीं करने की मांग नहीं करने पर सहमति बनी थी। लेकिन रिटेंशन पर सेल बोर्ड से बात करने मात्र का आश्वासन मिला यानी सहमति नहीं बन पाई थी। विधायक ने पैदल मार्च निकालकर आंदोलन जारी रहने का ऐलान किया था। वहीं दूसरी ओर सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने भी जनहित की इस समस्या पर इस्पात मंत्रालय व सेल बोर्ड से चर्चा कर यथा संभव समाधान का भरोसा रिटेंशनधारियों को दिलाया है।

## दल्ली-राजहरा बीएसपी माइंस अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस चिकित्सालय में निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 565 से अधिक परामर्श प्रदान किए गए, विभिन्न नैदानिक जांच और उपचार के साथ 25 इंट्राआर्टिकुलर इंजेक्शन तथा 5 प्लास्टर लगाए गए तथा जनरल सर्जन द्वारा दो आईएंडडी सहित अन्य आवश्यक सर्जिकल प्रक्रियाएं की गईं।

- जेएलएन हास्पिटल के विशेषज्ञों किया जांच व परामर्श

शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां.कौशलेन्द्र ठाकुर सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. चंदन दास (कार्डियोलॉजी), पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद बिनायके (मेडिसिन), डॉ. अशोक कुमार (नेत्र रोग), डॉ. इमैनुएल मैसी (अस्थि रोग), डॉ. कौशिक किशोर (पीडियाट्रिक), डॉ. पी राजेश्वर राव (जनरल सर्जरी), डॉ. शशांक अग्रवाल (चर्म रोग), डॉ. पी एस शिव्वपा (कान, नाक एवं गला रोग), डॉ. प्रिया पंकज (पेन मैनेजमेंट क्लिनिक), डॉ. मनिला यादव (प्रसूति एवं स्त्री रोग), सुश्री रीता भटनागर (जूनियर मैनेजर), पी आर जया भास्कर (फिजियोथेरेपी), डीएनबी डॉ. आर ए मंडल (अस्थि रोग), डीएनबी डॉ. स्तव्या रे (मेडिसिन), डीएनबी डॉ. गीता (प्रसूति एवं स्त्री रोग) तथा कलोल मैती (जूनियर एमटी) सहित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, सेक्टर-9, भिलाई के सहायक अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सेवाएं प्रदान की। राजहरा मेडिकल चिकित्सालय के सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी डां. मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस अस्पताल की टीम भी उपस्थित थी। मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किए गए। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक चिकित्सकीय सेवा प्रदान करने का समग्र प्रयास किया। स्वास्थ्य सम्बन्धी सत्र भी आयोजित किए गए, जहां मरीजों को विभिन्न निवारक उपायों और जीवन शैली अपनाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत पर नाली से अवैध निर्माण को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अवैध कब्जा एवं निर्माण को हटाने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेश के तारतम्य में सभी जोन क्षेत्र में अवैध कब्जा एवं निर्माण को हटाने की कार्यवाही निगम द्वारा लगातार की जा रही है।

कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज शिकायत के आधार पर हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी के सामने मुख्य मार्ग में नाली के उपर किये ढलाई तथा ईंट व पत्थर डाल कर नाली को जाम किया गया था, जिसके कारण नाली की सफाई करने में समस्या आ रही थी। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एवं प्राप्त शिकायत के आधार पर जोन-2 एवं 3 के राजस्व टीम द्वारा अवैध ढलाई को जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, जोन स्वास्थ अधिकारी शंकर साहनी स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह अनिल शुक्ला, कृष्ण कुमार सुपैत, मदनमोहन तिवारी,समीर अहमद, कार्तिक सहित स्वास्थ्य एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे।

## भिलाई निगम ने चार सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई, सम्मान भी



**भिलाई।** 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 4 कर्मचारियों को बुधवार को ससम्मान विदाई दी गई। निगम उपायुक्त डीके कोसारिया ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव को बताते हुए प्रेरित किए। विदाई कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों ने सेवाकाल के दौरान अपने अनुभव को साझा किए। शशिभूषण मोहंती सभी सेवानिवृत अधिकारी व कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य हेतु कामना करते हुए किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी राजेन्द्र सिंह राजपूत कार्यपालन अभियंता, हंसराज पटले चौकीदार, जे. मोहनराव चौकीदार, धन्नालाल मजदूर को उनके परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में विदाई दी गई। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक शालिनी गुरव, वामन राव, राज सच्चर, नवीन साहू, सीताराम यादव, हेमचंद बंजारे, अर्पित द्विवेदी, गिरधर वर्मा, दयालु, विजेंद्र साहू एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुरक्षा जागरुकता माह में 61 ठेका मजदूरों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सीओ एंड सीसीडी विभाग में सुरक्षा जागरूकता माह शुभारंभ सुरक्षा ध्वज फहराकर किया गया। विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा ने की। उन्होंने कहा कि कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति का अभिन्न अंग होनी चाहिए।

इस अवसर पर विभाग में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सक्रिय योगदान के लिए 'सुरक्षा मित्र योजना' के अंतर्गत कुल 61 ठेका श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया। इन श्रमिकों का चयन विभिन्न सुरक्षा प्रतिस्पर्धाओं जैसे सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, टूल बॉक्स टॉक, फुल बॉडी हार्नेस प्रतियोगिता, स्पॉट द हैज़र्ड आदि के माध्यम से किया गया था। यह सम्मान उनके सुरक्षित कार्य व्यवहार एवं कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति सजगता का प्रतीक रहा।

## रिसाली वार्ड में बांटे बीपीएल हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस



**भिलाई।** रिसाली नगर निगम के वार्ड क्रमांक 20 स्टेशन मरोदा में उज्जवला गैस कनेक्शन हितग्राहियों को दिया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 20 एवं वार्ड 16 के बीपीएल हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन मिला। इस मौके पर वार्ड के पार्षद चंद्र प्रकाश सिंह और वार्ड पार्षद विनय नेताम ने उज्जवला योजना 3.0 की जानकारी दी।

उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लक्ष्य गरीब परिवारों, खासकर ग्रामीण महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन, सिलेंडर और चूल्हा देना है ताकि वे लकड़ी व गोबर के धुएं से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें और सशक्त बन सकें। श्रमिक बस्ती होने की वजह से बीपीएल वर्ग की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। हितग्राहियों को स्वच्छ रसोई के माध्यम से घर-घर और परिवार के स्वास्थ्य में बड़ा बदलाव आएगा। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक नंदकिशोर सिंह, बृजेश सोनी, मुन्नीलाल, नंदलाल गुप्ता, शत्रुघ्न धनकर, विद्या देवी, अंजनी धनकर एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## दुर्ग महापौर बाघमार ने विभागीय अधिकारियों की ली बैठक

# मोटर पम्प खरीदी में लेटलतीफी को लेकर महापौर नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में सुचारू रूप से पानी सप्लाई व्यवस्था को लेकर महापौर अलका बाघमार ने विभागीय अधिकारियों कि बैठक लेकर 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट व इंटकवेल में लगाए जाने वाले मोटर पम्प खरीदी की टेंडर प्रक्रिया में लेट लतीफी को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी प्रकट किया और इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है।

- पानी व्यवस्था सुधारने की कवायद

जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की पउपस्थिति में आयोजित बैठक में महापौर अलका बाघमार ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पानी की सप्लाई में आने वाले सभी प्रकार की तकनीकी खामियों को दूर करने हर संभव उपाय करने कहा है। इस दौरान जल प्रभारी लीना देवांगन ने इंदौर में दूषित पानी पीने के चलते अनेक लोगों की दुखद मृत्यु की घटना को दुर्ग में भी संज्ञान में लेने की बात कहने पर महापौर अलका बाघमार ने इसके लिए नाला नाली के किनारे बिछे पाईप लाइन को निरंतर चेक करने व कहीं पर भी लिकेज के शिकायत आने पर तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए तथा इसके लिए पार्षदों से भी जानकारी लेने व विभाग स्तर भी टीम गठित करने कहा है। बैठक में निगम के एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर चंद्रशेखर चंद्राकर,नरेंद्र बंजारे कार्यपालक अभियंता प्रकाश थवानी सहायक अभियंता गिरीश दीवान उप अभियंता मोहित मरकाम,उप अभियंता विनोद मांझी,जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर भी मौजूद थे।



### गर्मी के पहले पानी व्यवस्था ठीक करें : महापौर

महापौर अलका बाघमार ने गर्मी से पहले पानी की व्यवस्था ठीक करने के लिए कार्य की प्रगति का हर सप्ताह समीक्षा करने जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन को कहा है। साथ ही सभी अधिकारियों को अपना कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा महाराजा चौक से बोरसी चौक, पुलगांव चौक से जेल चौक तथा चंडी चौक से नया पारा चौक तक रोड चौड़ीकरण के लिए प्रस्तावित पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य टेंडर प्रक्रिया की भी जानकारी लेकर इसे शीघ्र पूरा करने कहा है।

### सभी खराब टैंकर कराएं मरम्मत

महापौर कक्ष में जल गृह विभाग की विस्तृत समीक्षा करते हुए मेयर अलका बाघमार ने शहर के अनेक वार्डो में कम पानी आने की शिकायत पर मालवीय नगर शंकर नाला में बिछे पाईप लाइन में बड़ा लिकेज को शट डाउन कर शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए खराब वाल भी जल्द बदलने कहा है साथ ही आगामी फरवरी माह के बाद गर्मी में कई क्षेत्र में लो प्रेशर की समस्या होती है और टैंकर की डिमांड भी बढ़ जाती है इसके लिए अभी से सभी खराब टैंकर की मरम्मत कराया कहा है।

## ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ



**सेलूद।** ग्राम पंचायत पंहडोर ओर औंधी तथा ग्राम परसदा में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में सेक्टर मेडिकल आफिसर भिलाई-3 डॉ. शिखर अग्रवाल ओर बी ईटीओ व राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम भिलाई 3 के सैय्यद असलम के नेतृत्व में इस शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया गया। सैय्यद असलम ने बताया कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से गैर संचारी रोग, हाइपरटेंशन, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज, स्तन कैंसर गर्भाशय कैंसर ओर मुख कैंसर तथा अन्य रोगो में चर्मरोग, आंखों की समस्या, पीड़ा ओर समान्य स्वास्थ्य के मरीजों को स्क्रीनिंग करके प्रारंभिक अवस्था में चिह्नित किया जा रहा है, जिससे समय रहते गंभीर रोगो की पहचान हायर सेंटर में करके उपचार प्रारंभ कर सुरक्षित किया जाए। शिविर में बी पी शुगर के पुराने मरीजों को निशुल्क दवा वितरित की गई। वहीं सर्दी-जुकाम, बुखार, कफ और चर्मरोग संबंधित विकारों से पीड़ितों का उपचार निशुल्क किया गया। कार्यक्रम में आर विश्वास एल एच व्ही, वेगु गवेल, जितेन्द्र पटेल , मितानिन प्रेरकों और मितानिन साथियों का योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### जागृति विद्यालय में कल वार्षिकोत्सव

**जामगांव आर।** जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल में कल सोमवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य टीके पिपरिया ने बताया कि समारोह में छात्र–छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति तथा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण एवं वर्ष 2024 –25 की बोर्ड परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर गजेंद्र यादव होंगे। अध्यक्षता पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर रमशिला साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक अहिवारा एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ शासन रायपुर डोमन लाल कोसेवाडा रहेंगे तथा विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, जनपद सदस्य पाटन अजय साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बटरेल एमन आठे मंचासिन रहेंगे।

### उज्ज्वला गैस योजना का लाभ मिला ग्रामीणों को

**पाटन।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिपकोना में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। सरपंच खिलेश ईश्वर बंजारे के सहयोग से हुए इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराकर महिलाओं को धुएं से होने वाली बीमारियों से राहत दिलाना है।

### इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स का किया सफल आयोजन

**उतई।** प्रिज़्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने हाल ही में एक भव्य इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस इवेंट में खो-खो(गर्ल्स), वॉलीबॉल (बायस), कबड्डी(गर्ल्स) और कबड्डी( बॉय) जैसे विभिन्न खेलों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभिन्न कॉलेजों जैसे बी.एम. कॉलेज दुर्ग, मैत्री कॉलेज रिसाली , शैली देवी कॉलेज अंडा, बी आई टी कॉलेज दुर्ग, अशोका आईटीआई राजनांदगांव, राजेंद्र प्रसाद कालेज रिसाली, छत्तीसगढ़ वाणिज्य महाविद्यालय सेक्टर 06 भिलाई के विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### जिला साहू संघ दुर्ग के महासचिव बने अश्वनी

**उतई।** जिला साहू संघ दुर्ग का त्रिवार्षिक आमचुनाव 7 दिसंबर को संपन्न हुआ। जिसमें नंदलाल साहू दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन के पश्चात अध्यक्ष श्री साहू ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ग्राम पतोरा निवासी तथा तहसील साहू संघ पाटन के पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू को जिला साहू संघ दुर्ग का महासचिव मनोनीत किया है। अश्वनी साहू के महासचिव पद पर मनोनयन पर परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के प्रमुख अध्यक्ष सलाहकार खेमलाल साहू, संरक्षक हरिशंकर साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक ओमप्रकाश साहू ने हर्ष जताया है।

**पर्व :** छेरछेरा पर्व पर अन्नदान की परंपरा निभाई, बच्चों व बड़ों ने घर-घर जाकर मांगा दान

# छेरछेरा पर्व पर अन्नदान की परंपरा निभाई बच्चों व बड़ों ने घर-घर जाकर मांगा दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में शनिवार को छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा और आस्था से जुड़े छेरछेरा पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने टोली बनाकर गांव के हर घर में जाकर "छेरछेरा छेरछेर माई कोठी के धान ला हेरहेरा" की गूंज के साथ अन्नदान मांगा। ग्रामीणों ने भी पुरे श्रद्धा भाव से चावल, धान, अन्य अन्न सामग्री दान कर इस परंपरा का निर्वहन किया।

छेरछेरा पर्व को सामाजिक समरसता और दान की भावना का प्रतीक माना जाता है। इस दिन अमीर-गरीब का भेद मिटाकर सभी लोग अपनी सामर्थ्य अनुसार अन्नदान करते हैं। बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने पारंपरिक गीत गाते हुए गांव की गलियों में भ्रमण किया। कई स्थानों पर बड़ों ने भी बच्चों के साथ शामिल होकर पर्व की महत्ता को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना है कि छेरछेरा पर्व हमें परस्पर सहयोग, दया और साझा संस्कृति की सीख देता है। एकत्रित अन्न का उपयोग जरूरतमंदों की सहायता, सामूहिक भोज तथा धार्मिक आयोजनों में किया जाता है। इससे समाज में आपसी भाईचारा और एकता मजबूत होती है। पर्व के दौरान गांवों में पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों और उल्लासपूर्ण वातावरण ने विशेष आकर्षण पैदा किया। बुजुर्गों ने बताया कि छेरछेरा केवल पर्व नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की आत्मा से जुड़ी वह परंपरा है, जो पीढ़ियों से समाज को जोड़ती आ रही है। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना और लोक परंपराओं के संरक्षण का संदेश भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला।



## ग्राम नवागांव में मनाया गया लोकपर्व छेरछेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम नवागांव की गलियों में छत्तीसगढ़ के दान पुन तिहार छेरछेरा को बड़े जोश से मनाया गया। छोटे बच्चों, लड़कियों, युवा और बड़े टोलियाँ बनाकर छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेर हेरा के नारे लगाते हुए घर–घर जाकर धान, चावल या पैसे दान लेते हुए आगे बढ़ते रहे।

अभिषेक सेन ने कहा कि गली में छेरछेरा के दिन हर तरफ अन्नदान की धूम और श्छेरछेराश की गूंज सुनाई देती है, जो छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को दर्शाती है। उपसरपंच छगनलाल साहू ने बताया कि यह पर्व नई फसल, दान–पुण्य और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जिससे हर तरफ उत्साह का माहौल रहता है। इस अवसर पर दुष्यंत कुमार साहू, मनीष



कुमार, धैर्य साहू, जीतेश्वर साहू, वासु, चंद्रकांत, विधाशंकर साहू, गोपाल ठाकुर, दीपिका साहू, लक्ष्मी, चंचल, ओजस्वी, तृप्ति, तन्मय सहित ग्रामीणों ने पर्व मनाया।

## छग की लोक परंपरा का महापर्व छेरछेरा किलेपार में उत्साह से मनाया



**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में छेरछेरा पर्व का विशेष महत्व है, छत्तीसगढ़ में इसे दान का महापर्व भी कहा जाता है। यह पर्व धान की फसल कटाई के बाद मनाया जाता है और किसानों की मेहनत, सामूहिक खुशी व सामाजिक एकता का प्रतीक माना जाता है। पौष मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह त्यौहार पूरे गांव को एकता व भाईचारा का संदेश देता है। शनिवार को छेरछेरा पर्व के दिन किलेपार के बच्चे, युवा और लड़कियां सुबह से हाथ में थैला लिए हुए घर–घर जाकर छेरछेरा मांगा। मान्यता है कि छेरछेरा के दिन दान करने से घर में कभी धन–धान्य की कमी नहीं होती और सुख–समृद्धि बनी रहती है। वही दान मांगते हुए बच्चों के चेहरे में भी काफी खुशी देखी गई।

## अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया लोकपर्व छेरछेरा, दान, संस्कृति और सामाजिक एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा, चिंगरी, निकुम, खाडा, रूदा,भोथली, विनायकपुर, आलबरस कुथरेल, अछोटी, भरदा, चंदखुरी, जंजगिरी, सहित पुरे ग्रामीण अंचल में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक लोकपर्व छेरछेरा बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व छत्तीसगढ़ में दान का महापर्व माना जाता है, जो लोक संस्कृति, नई फसल और सामूहिक जीवन मूल्यों का प्रतीक है। धान की कटाई पूर्ण होने तथा खलिहान से अनाज घर आने की खुशी में मनाया जाने वाला यह उत्सव ग्रामीण जीवन का एक अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा है।छेरछेरा पर्व के अवसर पर गांव में डंडा नृत्य, पारंपरिक लोकगीतों की गूंज और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। सुबह से ही ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। बच्चे, युवा, महिलाएं



और बुजुर्ग सभी ने मिलकर इस पर्व में भाग लिया, जिससे गांव का वातावरण पूरी तरह से लोक रंग में रंग गया।

इस अवसर पर आशा सुरेश साहू ने कहा कि "छेरछेरा पर्व भारतीय समाज में दान, सहयोग और एकता की भावना को सशक्त करता है। यह पर्व छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है, जो हमें आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है।" उन्होंने आगे कहा कि यह पर्व केवल किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए सामूहिकता और मानवता का प्रतीक है।

छेरछेरा पर्व के माध्यम से ग्रामीण अपने घरों से अन्न का दान कर जरूरतमंदों की सहायता करते हैं, जिससे समाज में कोई भूखा न रहे की भावना सुदृढ़ होती है। यही कारण है कि यह पर्व आज भी ग्रामीण अंचलों में पुरी आस्था और परंपरा के साथ मनाया जाता है।



## कांग्रेस के सिद्धांतों पर चलने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 141 में स्थापना दिवस पर नगर कांग्रेस कमेटी उतई आम बाजार के कार्यालय में मंडल स्तरीय स्थापना दिवस मनाया गया। सभी ने मिलकर देश के आजादी एवं विकास के लिए लोकतांत्रिक तरीके से जीवन भर समर्पित रूप से कार्य करने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के बताए हुए सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने के लिए संकल्प लिया एवं पार्टी के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से कार्य करने के लिए संकल्प लिया। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी बहादुर सिंह नेताम, पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, डुमरडीह सरपंच धर्मेंद्र बंजारे,पार्षद द्वारका साहू, पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, सुरता सिंह गढ़े ,कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता टीकम डोडे, भावेश साहू, पुरेंद्र चंद्राकर, शुभम बमभोले, गुलशन शर्मा , आसिफ, भागीरथी कुर्रे सूरज बंधे, मिथिलेश नारंग, अखिलेश, देवा मारकंडे, रमाकांत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाबा घासीदास के उपदेश का पालन करें, जीवन सार्थक हो जाएगा : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

पाहंदा एवं मोहभट्ठा मे बाबा गुरुघासीदास की 269 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने कहा कि बाबा घासीदास के उपदेश का पालन करें तो जीवन सार्थक हो जाएगा। इस दौरान मंच पर नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन, मेहतरू मनहरे, सतखोजन देशलहरे, निलेश बघेल, रेखलाल, शिव, सोमन, डोमन, बलदाऊ बंजारे, आत्माराम, भगवानी देशलहरे, प्रखरकुमार यादव (भाजपा युवा नेता), पालेन्द्र कुमार, कमलेश यादव, अभिषेक सेन और शंकर साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ग्राम तवेरा में संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता में शामिल होंगे कैबिनेट मंत्री और विस प्रभारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम तवेरा के ग्रामीणो ने कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त व गुण्डरदेही विधानसभा प्रभारी राकेश पांडे व कैबिनेट मंत्री दर्जा विकास प्राधिकरण ललित चंद्राकर से मुलाकात कर ग्राम तवेरा मे 9, 10 व 11 को होने वाले तीन दिवस संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता के शुभारंभ में अतिथि के रूप मे शामिल होने आमंत्रित किया। जहां दोनो नेताओ ने तवेरा आने अपनी सहमति दी। मुलाकात के दौरान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष तेजराम साहू, सरपंच शैलेंद्र निषाद सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### डीडगा में मनाई बाबा गुरुघासीदास जयंती

**पाटन।** स्थानीय सतनामी समाज एवं ग्रामवासी ने ग्राम डीडगा में बाबा गुरुघासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई।मुख्य अतिथि ज़िप दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष,विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने बाबा गुरुघासीदास के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए सर्वहित, समानता, भाईचारे, समभाव, मानवता का अनुसरण करना चाहिए। जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने भी प्रेरक उद्बोधन दिया। इस अवसर पर रणजीत ठाकुर उपसरपंच,विष्णु वर्मा,संतोष पटेल पूर्व सरपंच, भेदप्रकाश वर्मा आदि उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष...

### 15वें वित्त आयोग...

स्वीकृत अधूरे कार्य भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं। हरिभूमि ने दल्लीराजहरा शहर से लगे दर्जनों गांवों के सरपंचों से बातचीत की। इस दौरान सरपंचों ने अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। **गांव में हो रही किरकिरी–** सरपंचों ने बताया कि फंड जारी नहीं होने के कारण एक भी नया विकास कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे गांवों में उनकी लगातार किरकिरी हो रही है। ग्रामीण ताने मारने लगे हैं और सवाल कर रहे हैं कि सरपंच बनने के बाद भी विकास क्यों नहीं दिख रहा। कुछ सरपंचों ने तो यहां तक कहा कि इस स्थिति के कारण अब उन्हें सरपंच बनने का भी मलाल होने लगा है। **जल संकट भी बना बड़ी समस्या–** सरपंचों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन पानी आधी आबादी तक ही पहुंच पा रहा है। जल स्त्रोत सीमित होने के कारण नए बोर खनन की आवश्यकता है, लेकिन फंड नहीं होने से यह कार्य भी संभव नहीं हो पा रहा है। **सिर्फ विधायक निधि और डीएमएफ का सहारा–** सरपंचों के अनुसार विधायक निधि से कहीं-कहीं सड़क निर्माण और सामुदायिक भवन निर्माण को स्वीकृति मिली है, लेकिन इसके अलावा किसी अन्य मद से राशि नहीं मिलने के कारण पंचायत स्तर पर विकास कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं।

### नगर में हर्षोल्लास...

आपस में बात करने लगे, एकत्र रुपए पैसे से शनिवार जामगांव आर मंडाई में झूला झूलेंगे। सभी स्तर के बच्चों ने बड़े खुशनुमा वातावरण में छेर छेरा का पर्व मनाया और घर घर जाकर पूर्वजों से विरासत में मिली महान दान पर्व का संदेश दिया।

**पुरखों की याद में महकेंगे सरकारी स्कूल अटल स्मृति सम्मेलन में की दान और सेवा की अपील**

# अटल स्मृति सम्मेलन में श्रद्धा की अपील, जन्मदिन और पुण्यतिथि पर शासकीय स्कूलों में बांटें खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अटल स्मृति सम्मेलन के माध्यम से सभापति श्रद्धा पूरेन्द्र साहू ने जनमानस से एक भावनात्मक और सामाजिक अपील की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने जन्मदिन, बच्चों के जन्मदिन या माता-पिता की पुण्य स्मृति में पूजा-पाठ, यज्ञ-हवन और दान जैसे कार्य करते हैं, उसी प्रकार हमारी अमूल्य धरोहर शासकीय शिक्षा व्यवस्था से जुड़े शासकीय स्कूलों में जाकर सफाई अभियान चलाकर, बच्चों का मुंह मीठा कराकर और उनके साथ खुशियां बांटकर भी इन अवसरों को सार्थक बनाया जा सकता है।

श्रद्धा साहू ने कहा कि शासकीय तंत्र और शासकीय संस्थान जनता की पूंजी हैं, उनकी रक्षा और उन्नयन करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। जिस अधिकार से हम अपने बच्चों को शासकीय स्कूलों में पढ़ने भेजते हैं, उसी अधिकार से हमें वहां की मॉनिटरिंग भी करनी चाहिए। शासकीय स्कूलों में प्रशिक्षित शिक्षक



और अच्छे भवन होने के बावजूद मॉनिटरिंग की कमी के कारण वे पीछे रह जाते हैं।

अपने बच्चों के जन्मदिन जैसे अवसरों पर आसपास के शासकीय स्कूलों में जाकर वहां पढ़ने वाले बच्चों के बारे में सोचें और नशा उन्मूलन, स्वच्छता, मोटिवेशनल स्पीच जैसे सामाजिक कार्यक्रमों में समय-समय पर भागीदारी निभाएं। जिसकी शुरुआत श्रद्धा पुरंदर साहू ने 31 दिसंबर को अपने बच्चों के जन्मदिन पर किया निकटतम शासकीय विद्यालय में साफ सफाई कर बच्चों को मिष्ठान वितरण किया

श्रद्धा साहू ने कहा कि यदि समाज मिलकर शासकीय स्कूलों की देखरेख और मॉनिटरिंग करेगा तो शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा भी होगी और शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाकर उसका अधिकतम लाभ लिया जा सकेगा। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से शासकीय स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग करने का आग्रह किया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### भटगांव पंचायत में किया मितानिनों का सम्मान

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत भटगांव में स्थानीय मितानीनो का पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच भारती साहू द्वारा मितानिनों की योगदान व कार्यों की सराहना करते हुए मितानीन खेमीन साहू, राधिका साहू एवं हेमलता महिपाल को श्रीफल व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पंचायत सचिव भूपेश साहू, सरपंच भारती साहू, उपसरपंच ताराचंद चतुर्वेदी, पंचगण अश्वनी साहू, अश्वन कुमार, आशा, पुष्पलता, अनुसुइया, मकसूदन सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### देवरी में कल विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**बालोद।** हिन्दू सम्मेलन सर्व समाज देवरी, जेवरतला, सुरेगांव, पिनकापार के द्वारा विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 5 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक दुर्गा मंदिर जेवरतला में किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता प्रांत प्रचास प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ संजय तिवारी होंगे।

### परेशान किशोरी ने घर में की आत्महत्या

**भिलाई।** परेशान किशोरी ने अपने ही मकान के कमरे में आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में लिया है। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि शंकर नगर दुर्ग निवासी निष्ठा गोस्वामी 16 वर्ष कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या किया। परिजनों ने जब उसे आवाज दी और दरवाजा नहीं खोला तो परेशान होकर दरवाजा को तोड़ा गया। सामने निष्ठा फांसी के फंदे पर झूलती नजर आई। पुलिस घटनास्थल की जांच कर शव का पंचानामा किया। मौके से सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें मृतका निष्ठा ने लिखा है सॉरी मम्मी-पापा साथ ही अपने इस कदम के लिए माता-पिता से माफी मांगी है। हालांकि सुसाइड नोट में आत्महत्या का कारण क्लीयर नहीं हो पाया है।

**कार्यक्रम : मुख्य अतिथि सभापति जपं हरिकृष्ण ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

# ग्राम डांडेसरा में जारी दो दिवसीय शक्ति संवर्धन राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की अखंड ज्योति और माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर ग्राम डांडेसरा में दो दिवसीय शक्ति संवर्धन राष्ट्र जागरण पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ यज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया।

प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने दीप प्रज्वलित कर मंगल जल कलश यात्रा निकाली, जिसमें क्षेत्र की पीलावस्त्रधारी महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर भजन कीर्तन किया और तालाब में वरुण देवता की पूजा की कलश लेकर माताओ ने गाली भ्रमण किया गया।

यज्ञ देव मंच पर कथाकार तुलसी साहू ने भारतीय संस्कृति की आधार शिलाओं शिक्षा संस्कार, गर्भ संस्कार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य कथाकार तुलसी साहू, रेणुका गंजीर, चेतना साहू, असलेखा साहू,





चम्पेश्वर साहू, डॉक्टर गोपाल साहू, वरुण कुमार साहू, डोमन साहू थे। उन्होने कहा गायत्री मंत्र में परमात्मा से सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना निहित है और यज्ञ एवं गायत्री मंत्र भारतीय धर्म एवं संस्कृति का प्रतीक है, सायन काली दीप महायज्ञ में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य, सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर और पूर्व जनपद सदस्य जनपद पंचायत गुरुर रुखमती गंजीर के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्रामीण जन घरों से दीप लेकर शामिल हुए और वेद मंत्रें के साथ नव सतयुग की स्थापना के लिए आरती किया।

सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण जंजीर ने कहा गायत्री मंत्र में ही बहुत बड़ी ताकत है, जो व्यक्ति रोज गायत्री मंत्र बोलते हैं उनका भविष्य बन जाता है, गुरु दीक्षा गुरु और शिष्य की अत्यधिक रिश्ता है, जिसमें गुरु अपने तप, साधना, पुण्यकरण शिष्य को प्रदान करता है, गायत्री परिवार महिला प्रज्ञा मण्डल एवं समस्त ग्राम वासियों डांडेसरा के परिजन द्वारा संपन्न किया गया।

इस अवसर पर धीरपाल अठभैया, कुम्भन लाल कलिहारी, बोधी राम साहू, शिवकुमार अठभैया शंकर लाल साहू जोहनी साहू रामूलाल सिन्हा, शालिक राम साहू अनूसोईया साहू एवं हीरक मंडल मोहारा के सभी ग्राम के अध्यक्ष एवं डाडेसरा के ग्रामीण उपस्थित थे।

# खपराभाट में आज से आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

ब्लाक अंतर्गत ग्राम खपराभाट में देवांगन परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आज 4 जनवरी से आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन प्रारंभ हो रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा ज्ञान यज्ञ के प्रवचनकर्ता प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेश प्रसाद शर्मा, पांडेटोला (छुरिया) होंगे, जो अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से श्रीमद् भागवत कथा के गूढ़ रहस्यों, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संदेश श्रद्धालुओं तक पहुंचाएंगे। आयोजन के प्रथम दिवस सोमवार 4 जनवरी को विधिविधान के साथ मंडप पूजन किया जाएगा, इसके पश्चात गोकर्ण कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ होगा। इस पावन यज्ञ में यज्ञकर्ता के रूप में टोमनलाल देवांगन एवं मीरा देवांगन मुख्य यजमान की भूमिका निभा रहे हैं, जिनके द्वारा धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न कराए जा रहे हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है, वहीं कथा श्रवण के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आठ दिनों तक चलने वाले इस ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव चरित्र सहित अन्य प्रेरक कथाएं शामिल होंगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है। इस आयोजन से ग्राम खपराभाट सहित पूरे क्षेत्र में धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक माहौल सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई जा रही है।



■ पंडित सुरेश प्रसाद शर्मा करेंगे कथा वाचन


## ग्राम पुरूर मिर्रिटोला में 7 को मड़ई व 9 से संगीतमय मानसगान सम्मेलन

**गुरूर।** ग्राम पुरूर मिर्रिटोला का मड़ई 7 जनवरी बुधवार को आयोजित किया गया है। जिसमें रात्रि मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कला मंच का कार्यक्रम रखा गया है तथा 9 एवं 10 जनवरी को रामायण आयोजन समिति ग्राम पुरूर द्वारा दो दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन मौली माता प्रांगण ग्राम पुरूर मिर्रीटोला में किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिले के ख्याति प्राप्त मानस मंडली अपना प्रस्तुति देंगे। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस 9 जनवरी शुक्रवार को राज मानस परिवार आमदी धमतरी, गंधर्व मानस परिवार भैसमुंडी भानुप्रतापपुर, चेतना बालिका मानस परिवार नवागांव कुरूद, स्वंतः सुखाय मानस परिवार छुईहा राजिम, मंगल माधुर्य महिला संकीर्तन मानस परिवार चिखली गरियाबंद, श्री मधु मारुति मानस परिवार गोजी राजिम प्रस्तुती देंगी। द्वितीय दिवस दिनांक 10 जनवरी शनिवार को वंदना मानस परिवार खैरागढ़, सुर समागम मानस परिवार मौलीपारा उतर बस्तर कांकेर, शिवप्रिया संपूर्ण बालिका मानस परिवार रुआतला राजनांदगांव, नूतन मानस परिवार टोकरो रायपुर, साधना सरगम महिला मानस परिवार बेहड़ाबुड़ा गरियाबंद, महतारी के मया मानस परिवार आरीकोनरी डोंगरगांव की संगीतमय प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम के ग्राम पटेल कीर्तन राम माला, कमलदेव साहू, अरुण कुमार प्रजापति ने दिया।

समिति में अध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष शंकर लाल साहू, कोशाध्यक्ष अरूण कुमार प्रजापति, सचिव मिथलेश कुमार ग्वालेन्द्र, संरक्षक आनंद राम सोनबरसा, संरक्षक कीतैन राम माला व ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

# दुपचेरा में तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का समापन आज





हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

मां शारदा समिति एवं ग्रामवासी दुपचेरा के तत्वाधान में 2 जनवरी से तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका समापन आज 4 जनवरी को होगा। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनिता साहू ने कहा कि भगवान राम के आदर्श को जीवन मे उतारना है। लोगो को हमेशा उनके बताए हुए मार्ग पर चलना है। आयोजन समिति को सहयोग राशि प्रदान की। जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने कहा कि मानस गान को अच्छे विचारों को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। समिति को सहयोग राशि प्रदान की। पूर्व जिला पंचायत सभापति ललिता साहू, जनपद सदस्य संध्या साहू, जनपद सदस्य हेमन्त साहू, सरपंच बोहारडीह, सरपंच दुपचेरा दानेश्वरी साहू, उपसरपंच



ललित रायपुरिया, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मनसुख पंचागम के आतिथ्य मे हुआ। सभी अतिथियों ने भगवान राघवेंद्र की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। 4 जनवरी को पुरुस्कार वितरण के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू होगें। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा करेगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति चंद्रिका गंजीर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रेमसाय कलिहारी, भाजपा महामंत्री ताम्रध्वज यादव, जिला कार्यकारणी सदस्य चन्द्रप्रकाश गांधी, जनपद सभापति तारादेवी यादव, पूर्व जिला पंचायत सभापति मीना साहू, बूथ अध्यक्ष गरीब राम साहू के आतिथ्य में संपन्न होगा।

# पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन

**विधायक निषाद ने शिक्षा, संस्कार और बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

गुंडरदेही विधानसभा के विधायक कुंवरसिंह निषाद देवरी ब्लॉक के ग्राम खामतराई में पब्लिक स्कूल एवं कंप्यूटर इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन 2026 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और उल्लास से सराबोर नजर आया। वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, नाटक एवं एकल नृत्य शामिल रहे। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय का दिल जीत लिया और तालियों की गूंज से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुंवरसिंह निषाद



विधायक, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच और शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति

ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय के वार्षिकोत्सव का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं होता, बल्कि यह विद्यार्थियों की रुचियों, प्रतिभाओं और शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करने का महत्वपूर्ण माध्यम होता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी के अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार, जनपद सदस्य चितरेखा साहू, नरेश सोनी, सरपंच तरण रजक, सरपंच नेमिन साहू, दिलीप साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्टाफ बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# अंचल में धूमधाम से मनाया छेरछेरा तिहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

शहर सहित पूरे अंचल में छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति और कृषि परंपरा का प्रतीक छेरछेरा तिहार इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक रंग में मनाया गया। पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित इस पर्व ने ग्रामीण जीवन की आत्मा, सामूहिकता और भाईचारे की भावना को जीवंत कर दिया।

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर में रचा-बसा छेरछेरा तिहार कृषि आधारित पर्व है, जो नई फसल के आगमन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक माना जाता है। फसल कटाई के बाद मनाया जाने वाला यह उत्सव किसानों के परिश्रम, अन्न की महत्ता और सामाजिक सहयोग की भावना को सशक्त रूप से दर्शाता है।

पर्व के दिन गांवों और शहर की गलियों में पारंपरिक उल्लास देखने को मिला। बच्चे समूह बनाकर घर-घर पहुंचे और छेरछेरा माई, कोठी के चावल की गूंज के साथ नए चावल और दान प्राप्त किया। यह परंपरा समाज में दान, सहकार और समरसता की भावना को मजबूत करती है।

इस अवसर पर दल्लीराजहरा के सौरभ कुमार और सार्थक ने कहा कि छेरछेरा पर्व केवल एक लोक-उत्सव नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के सम्मान और जैव विविधता संरक्षण का संदेश भी देता है। यह पर्व मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन की भावना को आगे बढ़ाता है।



छेरछेरा के दौरान लोकनृत्य और लोकगीतों की विशेष छटा देखने को मिली। महिलाएं पारंपरिक सुगा गीत गाते हुए नजर आईं, वहीं पुरुषों ने शैला गीत पर नृत्य कर उत्सव को जीवंत बनाया। युवाओं द्वारा प्रस्तुत डंडा नृत्य ने पूरे वातावरण को लोक-संस्कृति के रंग में रंग दिया। ढोल, मांदर और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर गांव-गांव उत्साह का माहौल बना रहा। दल्लीराजहरा अंचल में मनाया गया छेरछेरा तिहार यह संदेश दे गया कि आधुनिकता के इस दौर में भी लोक परंपराएं आज उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी पहले थीं। यह पर्व न केवल कृषि और संस्कृति का उत्सव है, बल्कि सामाजिक एकता, परस्पर सहयोग और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की जीवंत मिसाल भी है।

## ग्राम कन्हारपुरी में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता कल

**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी में टीम मुस्कुराहट एवं युवा पल्टन गौरा चौक द्वारा 5 जनवरी को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष लेखराज सूर्यवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुस्कार वितरण किया जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एग्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# सरपंच संघ 8 जनवरी को अपनी मांगों को लेकर करेगा शासन का ध्यानाकर्षण प्रदर्शन



**बालोद।** जनपद पंचायत अंतर्गत सरपंच संघ द्वारा 3 जनवरी को झलमला ग्राम पंचायत सभा कक्ष में बैठक आयोजित किया गया था, जिसमें सरपंच संघ के अध्यक्ष के निर्देश पर सभी पदाधिकारी एवं सरपंच संघ एक राय होकर 8 जनवरी को ग्राम पंचायत के मूलभूत एवं पंचायत के अन्य कार्यों के लिए राशि मांग को लेकर शासन प्रशासन को ध्यान आकर्षण करवाएंगे। सरपंच संघ की छः मांगो में 15 वें वित्त की राशि ग्राम पंचायत के खाते में जमा करने, सरपंचों के मानदेय की राशि प्रदान करने, स्वच्छ भारत मिशन की राशि जमा करने, नरेगा कार्यो की मटेरियल की राशि अति शीघ्र भुगतान करने, सांसद एवं विधायक निधि से कराए गए निर्माण कार्य की दूसरा किस्त की राशि अति शीघ्र भुगतान करने, खनिज न्यास निधि की राशि बालोद जनपद के सभी ग्राम पंचायत को प्रदान किया जाए की मांग की है। इन सभी मांगों को लेकर बालोंद जनपद पंचायत के सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्णा राम साहू, उपाध्य धर्मेंद्र रामटेक, उपाध्यक्ष मंजूलता साहू, संरक्षक लताकोराम, कृष्ण वर्मा, सचिव दिलीप कुमार डहरे, मीडिया प्रभारी हेमंत साहू, पेमीन साहू, नीलम कोठारी एवं बड़ी संख्या में बालोद जनपद के सरपंच संघ इस बैठक में निर्णय लिया गया है। उक्त जानकारी सरपंच संघ के अध्यक्ष कृष्णा राम साहू ने दिया, सरपंच के साथ वार्ड के सभी पंचों को इस धरना प्रदर्शन एवं रैली में उपस्थित रहेंगे।

